**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**27.04.2024/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

## मुख्य समाचार

- सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा–कांग्रेस वोट बैंक व तुष्टिकरण जबकि भाजपा समान विकास की करती है राजनीति।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– सबको सम्मान– सबको अधिकार राज्य सरकार का विकास मंत्र।
- प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के चलते भाजपा व कांग्रेस में वार–पलटवार का दौर जारी– अपनी–अपनी उपलब्धियों के बल पर चुनाव जीतने का दावा।
- पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी– अन्य क्षेत्रों में ओलावृष्टि के साथ वर्षा से फसलों को नुकसान।

--------------

## प्रचार भाजपा

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा उप–चुनाव को लेकर भाजपा व कांग्रेस दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार तेज कर लिया है। इस दौरान दोनों ही दल आरोप–प्रत्यारोप लगाकर मतदाताओं को अपने–अपने पक्ष में रिझाने का प्रयास कर रहे हैं। केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर चुनाव प्रचार के तीसरे दिन आज भोरंज में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया और हमीरपुर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन, आईटी सोशल मीडिया कार्यशाला, वरिष्ठ नागरिक विशेष सम्पर्क अभियान और व्यापारी सम्पर्क अभियान में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस वोट बैंक व तुष्टिकरण की जबकि भाजपा समान रूप से विकास की नीति पर कार्य करती है। उन्होंने कहा कि अगर देश में कांग्रेस सत्ता में आएगी तो लोगों पर वसूली और विरासत टैक्स लगाएगी लेकिन भाजप की सरकार बनने पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जाएगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भाजपा सबका साथ–सबका विकास में विश्वास

रखती और पिछले 10 वर्षों में हर वर्ग व धर्म के 25 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में 4 करोड़ पक्के आवास, 13 करोड़ नल से जल, 12 करोड़ शौचालय, 60 करोड़ लोगों को मुफ्त ईलाज, 11 करोड़ रसोई गैस सिलेंडर और 81 करोड़ लोगों को बिना किसी भेदभाव के मुफ्त अनाज दिया गया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के आशीर्वाद से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में 360 डिग्री विकास हुआ है और हिमाचल आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत है और आगामी लोकसभा चुनाव में चारों सीटें जीतकर देश में फिर से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाएंगे।

**मुख्यमंत्री**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि करीब डेढ़ वर्ष के छोटे से कार्यकाल में वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेशहित के लिए समर्पित भाव से कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सबको सम्मान–सबको अधिकार के मंत्र के साथ राज्य सरकार आगे बढ़ रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने लैंड सीलिंग एक्ट में संशोधन कर बेटियों को बेटे के बराबर दर्जा देने के अलावा आम आदमी की राजस्व से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने के लिए लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मात्र डेढ़ साल में ही राज्य सरकार ने 10 में से 5 प्रमुख चुनावी गारंटियों को पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने धन–बल का इस्तेमाल कर वोट की ताकत का निरादर किया है और अब धन–बल को जन–बल से पराजित करने का समय आ गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता का विश्वास ही वर्तमान राज्य सरकार की ताकत है।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस के नेता जोश में होश खो रहे हैं। रामपुर के झाखड़ी में आज पन्ना प्रमुखों के सम्मलेन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार द्वारा जनहित में खोले गए संस्थानों को विरोध की राजनीति के चलते बंद करने का काम किया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि आपदा के समय भी प्रदेश में जो भी कार्य हुआ, वो केंद्र सरकार की मदद से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को केवल चुनाव के समय वोट के लिए माताओं और बहनों का ख्याल आता है और अब भी महिलाओं को 15 सौ रूपये देने की याद चुनाव के दौरान आई है। इस

अवसर पर मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत और अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

**<u>जगत सिंह</u>**

कांग्रेस नेता व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं को पूरा सम्मान देते हुए उनके लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि प्रदेश में मौजूदा कांग्रेस सरकार ने महिला सम्मान निधि के तहत महिलाओं को लाभान्वित करने का कदम उठाया है, जबकि भाजपा ने इसका विरोध किया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा असली मुद्दों पर कोई बात नहीं करती और कांग्रेस के घोषणा पत्र पर लोगों को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रही है। बागवानी मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने लोगों पर कभी भी कोई अनाधिकृत टैक्स नहीं थोपा और 1985 में विरासत टैक्स को निरस्त किया गया था, क्योंकि इस टैक्स से आमदनी कम और खर्चा अधिक था। जगत सिंह नेगी ने भाजपा पर राजनीति का स्तर गिराने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता चुनाव में इसका जवाब देगी।

**<u>निरीक्षण</u>**

भारतीय थल सेना के हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और चंडीगढ़ के अतिरिक्त भर्ती महानिदेशक विशिष्ट सेवा मैडल, मेजर जनरल के पी सिंह, ने सेना भर्ती कार्यालय मंडी के अंतर्गत आने वाले जिलों में आयोजित की जा रही अग्निवीर भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। सेना भर्ती कार्यालय मंडी के निदेशक कर्नल डी एस सामन्त ने बताया कि अग्निपथ योजना के अंतर्गत थल सेना में कुल्लू, मंडी और लाहौल स्पीती जिलों के युवाओं की अग्निवीर भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा 22 अप्रैल से 7 मई तक इन केन्द्रों पर ली जा रही है।

**<u>बिंदल</u>**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के चलते भाजपा और कांग्रेस में वार–पलटवार का दौर जारी है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर 15 महीने के कार्यकाल में केवल भाजपा को कोसने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस दौरान प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े रहे। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में विकास कार्य किए होते तो मुख्यमंत्री भाजपा को गाली देने के बजाए जनता के समक्ष अपनी उपलब्धियां रखते। बिंदल ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर राज्य सरकार को घेरते हुए कहा कि चोरी, डकैती, हत्याओं और बलात्कार के मामलों में बीते 15 महीनों में लगातार इजाफा

हुआ है लेकिन मुख्यमंत्री पूरी तरह मूक दर्शक बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुखविंदर सिह सुक्खू के नेतृत्व की कांग्रेस सरकार अल्पमत में है।

**संजय अवस्थी**

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष व मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा है कि इस बार प्रदेश में धनबल की नहीं जनबल की जीत होगी। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनमत कांग्रेस के साथ है और भाजपा का कोई भी षड्यंत्र अब सफल होने वाला नही। संजय अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में पूरी तरह एकजुट है और भाजपा इसमें अब कोई सेंधमारी नही कर सकती। संजय अवस्थी ने कहा कि भाजपा प्रदेश में पूरी तरह बैकफुट पर आ गई है और उसके पास कोई भी मुद्दा नही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार को एक षड्यंत्र के तहत भाजपा ने जिस प्रकार अस्थिर करने की कोशिश की है उसे अब इन चुनावों में करारी हार का मुंह देखना पड़ेगा। अवस्थी ने कहा है कि भाजपा ने प्रदेश में छह उप चुनाव थोप कर लोगों की भावनाओं का अनादर किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की चारों लोकसभा व छह विधानसभा उप चुनावों में कांग्रेस अपनी जीत का परचम लहरायेगी। अवस्थी ने कहा कि देश मे बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी और विगड़ती अर्थव्यवस्था भाजपा की नीतियों व निर्णयों का ही परिणाम है जो आज देश को भुगतना पड़ रहा है।

**अविनाश राय खन्ना**

प्रदेश भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने कहा है कि कांग्रेस के भय, भ्रम और भ्रष्टाचार की राजनीति को नरेन्द्र मोदी ने सेवा, सुशासन और जनकल्याण में परिवर्तित कर दिया है। कांगड़ा ज़िला के फतेहपुर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था आज वैश्विक स्तर पर 10वें पायदान से 5वें पायदान पर पहुंच गई है। खन्ना ने कहा कि केन्द्र सरकार ने हिमाचल के विकास के लिए भरपूर मदद की है और आज प्रदेश रेल, सड़क व हवाई साधनों में बेहद उन्नत है। इस अवसर पर कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज, राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी और पूर्व मंत्री राकेश पठानिया भी मौजूद रहे।

**निशांत शर्मा**

युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता निशांत शर्मा ने केन्द्र सरकार पर लाखों युवाओं को एजुकेशन लोन के जाल में फंसाने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि 2 करोड़ युवाओं को रोज़गार देने का भाजपा का वादा जुमला साबित हुआ है। निशांत शर्मा ने कहा कि 10 वर्षों में

नौकरियां तो दूर युवाओं के लिए शिक्षा भी कई गुणा महंगी कर दी है। एक बयान में निशांत शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र से युवाओं में आशा की किरण जगी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी शिक्षित नेता है और वे युवाओं के मुद्दों को गहराई से समझते हैं, जबकि दूसरी ओर भाजपा रोजगार, शिक्षा और जनहित के अन्य मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए धर्म के नाम पर नफरत फैलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा अंग्रेजों की फूट डालो–राज करो की नीति पर चल रही है, जिसे देश की जनता अब समझ चुकी है।

**मौसम**

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले स्थानों में हल्की बर्फ़बारी और ओलावृष्टि जबकि अन्य क्षेत्रों में वर्षा का समाचार है। लाहौल स्पीति व किन्नौर ज़िलों में रूक–रूक कर बर्फबारी हो रही है। राजधानी शिमला सहित ऊपरी क्षेत्रों में बाद दोपहर वर्षा व ओलावृष्टि हुई, जिससे सेब सहित खुमानी, नाशपाती में हो रही फ्लॉवरिंग को नुकसान हुआ है। निचले इलाकों में वर्षा से गेहूं की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जबकि निचले व मध्य पर्वतीय इलाकों में कुछ स्थानों पर वर्षा की संभावना जताई है। विभाग ने कुछ स्थानों पर आंधी के साथ ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है।

**महेश्वर चौहान**

देश में हुए दो चरणों के मतदान के बाद प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा है। आज शिमला में पत्रकार वार्ता कर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष महेश्वर चौहान ने कहा कि दो चरण के मतदान में भाजपा को निराशा हाथ लगी हैं और 400 पार का नारा फेल होता नजर आ रहा है। चौहान ने कहा कि बेरोजगारी और मंहगाई भाजपा का बड़ा एजेंडा था लेकिन दस साल में न मंहगाई कम हुई और न ही बेरोजगारी खत्म हुई है। महेश्वर चौहान ने कहा कि ईडी और सीबीआई को भाजपा हथियार के रुप में भाजपा इस्तेमाल कर रही है और देशभर में चुनी हुई राज्यो की गैर भाजपा सरकारों को गिराने का प्रयास कर रही है।

**नमस्कार।**